क्या भारत की जनसंख्या स्थिर हो रही है?

भारत की जनसंख्या की उच्च वृद्धि दर के बारे में आम तौर पर चिंता व्यक्त की जाती है। हालांकि, साक्ष्य बताते हैं कि एक महिला से पैदा होने वाले बच्चों की औसत संख्या या कुल प्रजनन दर (टीएफआर) (TFR) और जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार, भारत का TFR (टीएफआर) 2.0[1] है, जो भारत सरकार की जनसंख्या नीति 2000 द्वारा परिकल्पित TFR लक्ष्य 2.1 से अब नीचे है। 2.1 के TFR को **प्रतिस्थापन प्रजनन** माना जाता है - एक स्तर जो इंगित करता है कि जनसंख्या बढ़ना रुक जाएगी, और समय के साथ, बिना प्रवास के, यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में केवल प्रतिस्थापित हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यदि एक निश्चित अवधि में महिलाओं के औसतन 2.1 बच्चे होते हैं, तो जनसंख्या न तो बढ़ती है और न ही घटती है और इस प्रकार स्थिर हो जाती है। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत की जनसंख्या के स्थिर होने या घटने के लिए, इसे दीर्घकालीन अवधि के लिए 2.1 के बराबर या उससे कम TFR बनाए रखना होगा। भारत के, 1950 के दशक में 6.0 से वर्तमान स्तर तक TFR में गिरावट, एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

एनएफएचएस-5 के अनुसार, इस समय **36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में से 31 ने पहले ही 2.1 या उससे कम** का टीएफआर हासिल कर लिया है।

तालिका **1:** भारत में कुल प्रजनन दर का रुझान, **1992-93 – 2019-21**



स्रोत: अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण

प्रजनन क्षमता में यह गिरावट सामान्य से प्रतीत हो सकती है क्योंकि भारत, 137 करोड़ लोगों के साथ, विश्व में दूसरा सबसे बड़ा देश है[2]। हालांकि, जनसांख्यिकीय आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की 10 साल की अवधि में **दशकीय वृद्धि** दर 1991 से 2001 में 21.5% से **घटकर** 2001 से 2011 में 17.7% हो गई। (जनगणना 2011)[3]।

तालिका **2:** भारत: दशकीय जनसंख्या वृद्धि

वर्ष	**दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर (%)**
1981	24.7
1991	23.9
2001	21.5
2011	17.7

स्रोत: भारत की जनगणना, महापंजीयक कार्यालय और जनगणना आयुक्त, भारत

PEOPLE MATTER

Delhi
B-28, Qutab Institutional Area
PIN – 110016
T: +91-11-43894100

Jaipur
C-9, Shiv Marg, Shyam Nagar
PIN – 302019
T: +91-141-4104771

Lucknow
C-3, Nirala Nagar
PIN – 226020
T: +91-522-4005091

Patna
123 A, Patliputra Colony
PIN – 800013
T: +91-612-2270634

भारत देश **जनसंख्या स्थिरीकरण** की ओर बढ़ रहा है, लेकिन कई **अंतर-क्षेत्रीय और अंतर-जिला भिन्नताएं अभी भी** उन राज्यों में भी **मौजूद हैं,** जिन्होंने प्रतिस्थापन प्रजनन स्तर को प्राप्त कर लिया है।

इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि भारत की जनसंख्या का समग्र आकार कुछ और समय तक बढ़ता रहेगा, क्योंकि भारत की दो-तिहाई जनसंख्या 35 वर्ष से कम (प्रजनन आयु)[4] की है। भले ही युवा आबादी के इस समूह में प्रति दंपति, एक या दो बच्चे हों, यह जनसंख्या के आकार में वृद्धि लाएगा और 2048[5] के बाद जनसंख्या का बढ़ना बंद होगा।

प्रजनन दर को कौन से कारक प्रभावित करते हैं?

महिला साक्षरता, श्रमिकों की भागीदारी, वित्तीय स्वतंत्रता, विवाह में देरी और विभिन्न गर्भनिरोधक विकल्पों और अन्य परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच और इनमें से किसी को चुनने की क्षमता जनसंख्या स्थिरीकरण और प्रजनन दर को कम करने के लिए प्राथमिक तत्व हैं।

बढ़ी हुई शिक्षा और कम प्रजनन क्षमता के बीच एक सकारात्मक संबंध है (एक महिला की शैक्षिक दक्षता का स्तर जितना अधिक होगा, उसके कम बच्चे होने की संभावना है)। उदाहरण के लिए, बिहार में महिलाओं की साक्षरता दर 57.8%[6] है और टीएफआर 3.0 है, जबकि केरल में महिलाओं की साक्षरता दर 98.3%[7] है और टीएफआर 1.8 है।

यह जाहिर है कि महिलाओं और युवा जोड़ों के लिए शिक्षा और गर्भनिरोधक की प्राथमिकता प्रजनन क्षमता को कम करने के लिए वास्तव में महत्त्वपूर्ण हैं, न कि ऐसी नीतियां जो परिवार के विस्तार को निर्धारित करती हैं। इस राय का समर्थन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने दिसंबर 2020 में जनसंख्या नियंत्रण कानून पेश करने की याचिका का जवाब देते हुए, सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष किया था, जिसमें कहा गया था, "*भारत में परिवार कल्याण कार्यक्रम स्वैच्छिक प्रकृति का है, जो दंपतियों को बिना किसी बाध्यता के, अपने परिवार का आकार तय करने और परिवार नियोजन के तरीकों को- जो उनकी पसंद के अनुसार हो और उनके लिए सबसे उपयुक्त हो- अपनाने में सक्षम बनाता है*"[8]।

अनुशंसाएं

- 15 से 49 वर्ष की आयु के बीच वर्तमान में विवाहित महिलाओं का **9.4%,** जो किसी भी गर्भनिरोधक का प्रयोग करने में सक्षम नहीं हैं, **उनकी गर्भनिरोधक मांग को पूरा करने** के लिए हमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत **राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम में अधिक निवेश** की आवश्यकता है[9]।
- **गर्भनिरोधक विकल्पों, विशेष रूप से युवा लोगों के लिए उचित अंतराल की विधियों, उनके विकल्प और पहुंच के विस्तार पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।** यह देखते हुए कि देश की 19.2% जनसंख्या 15-24[10,11] वर्ष के आयु वर्ग में है, इस समय 19.9% और 15.7% विवाहित महिलाएं क्रमशः 15-19 वर्ष और 20-24 वर्ष आयु की हैं, इनको FP (परिवार नियोजन) के उचित अंतराल की विधियों की अपूरित आवश्यकता है[12]।

Delhi
B-28, Qutab Institutional Area
PIN – 110016
T: +91-11-43894100

Jaipur
C-9, Shiv Marg, Shyam Nagar
PIN – 302019
T: +91-141-4104771

Lucknow
C-3, Nirala Nagar
PIN – 226020
T: +91-522-4005091

Patna
123 A, Patliputra Colony
PIN – 800013
T: +91-612-2270634

संदर्भ

[1] International Institute for Population Sciences (IIPS) and ICF. 2021. National Family Health Survey (NFHS-5), India, 2019-21. Mumbai: IIPS http://rchiips.org/nfhs/NFHS-5_FCTS/India.pdf
[2] Census of India 2011. http://www.censusindia.gov.in/2011census/PCA/A2_Data_Table.html
[3] UN World Population Prospects 2019 . http://164.100.24.220/loksabhaquestions/annex/173/AU4372.pdf
[4] Census of India 2011. Government of India http://www.censusindia.gov.in/2011census/PCA/A2_Data_Table.html
[5] Vollset, S. E., Goren, E., Yuan, C. W., Cao, J., Smith, A. E., Hsiao, T., ... & Murray, C. J. (2020). Fertility, mortality, migration, and population scenarios for 195 countries and territories from 2017 to 2100: a forecasting analysis for the Global Burden of Disease Study. The Lancet, 396(10258), 1285-1306.
[6] International Institute of Population Sciences (IIPS). National Health and Family Health Survey (NFHS-5), 2019-20: Bihar http://rchiips.org/nfhs/NFHS-5_FCTS/FactSheet_BR.pdf
[7] International Institute of Population Sciences (IIPS). National Health and Family Health Survey (NFHS-5), 2019-20: Kerala. http://rchiips.org/nfhs/NFHS-5_FCTS/FactSheet_KL.pdf
[8] Cannot Force Couples into Family Planning: Govt. tells Supreme Court. December 12,2020. https://www.thehindu.com/news/national/cannot-force-couples-into-family-planning-govt-tells-supreme-court/article33313592.ece
[9] International Institute for Population Sciences (IIPS) and ICF. 2021. National Family Health Survey (NFHS-5), India, 2019-21. Mumbai: IIPS. http://rchiips.org/nfhs/NFHS-5_FCTS/India.pdf
[10] Census of India 2011. Government of India. http://www.censusindia.gov.in/2011census/PCA/A2_Data_Table.html
[11] https://main.mohfw.gov.in/sites/default/files/HealthandFamilyWelfarestatisticsinIndia201920.pdf
[12] International Institute for Population Sciences (IIPS) and ICF. 2017. National Family Health Survey (NFHS-4), India, 2015-16: Mumbai: IIPS. http://rchiips.org/nfhs/factsheet_NFHS-4.shtml

Delhi
B-28, Qutab Institutional Area
PIN – 110016
T: +91–11–43894100

Jaipur
C-9, Shiv Marg, Shyam Nagar
PIN – 302019
T: +91–141–4104771

Lucknow
C-3, Nirala Nagar
PIN – 226020
T: +91–522–4005091

Patna
123 A, Patliputra Colony
PIN – 800013
T: +91–612–2270634